www.amritvichar.com

अमृत विचार

लखनऊ महानगर

लखनऊ, गुरुवार, 25 दिसंबर 2025

सुविचार

अपने दुश्मनों पर विजय पाने वाले की तुलना में मैं उसे शूरवीर मानता हूं जिसने अपनी इच्छाओं पर विजय प्राप्त कर ली है; क्योंकि सबसे कठिन विजय अपने आप पर विजय होती है।

-अरस्तु

लखनऊ के प्रमुख समाचार

- शादी से किया इनकार तो रेलकर्मी ने लगाया फंदा II
- प्रभु यीशु के अवतरण पर बजी जिंगल बेल III
- एआरपी एसोसिएशन ने मांगपत्र सौंपा IV

शहर में आज

- हजरतगंज स्थित सिविल अस्पताल में डिप्लोमा फार्मेसिस्ट राजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन की ओर से भंडारा– 11 :00 बजे से।
- डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में छात्रावासी छात्रों के बीच ध्यान व प्राणायाम कार्यक्रम– 11 :00 बजे से।
- हरदोई रोड स्थित बसंतकुंज योजना में निर्मित राष्ट्र प्रेरणा स्थल का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों लोकार्पण– 12 :00 बजे।

आज अटल होगा कमल के आकार का राष्ट्र प्रेरणा स्थल

बसंतकुंज योजना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे लोकार्पण, लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर, उन्नाव व रायबरेली के लोग बनेंगे साक्षी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : 230 करोड़ रुपये की लागत से 65 एकड़ में बना कमल के फूल आकार का राष्ट्र प्रेरणा स्थल गुरुवार को लखनऊ की धरती पर अटल हो जाएगा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 65 फीट ऊंची प्रतिमाओं से सुसज्जित इस पार्क का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोपहर 12 बजे करेंगे। लखनऊ के सांसद रहे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर बसंतकुंज योजना स्थित प्रेरणा स्थल के लोकार्पण के साक्षी लखनऊ के अलावा, सीतापुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली और लखीमपुर खीरी जिलों के डेढ़ लाख अधिक लोग बनेंगे। बुधवार देर शाम तक पुलिस, प्रशासन, एलडीए, नगर निगम समेत अन्य विभागों के अधिकारी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हेलीकॉप्टर प्रेरणा स्थल परिसर में बने हेलीपैड में उतरेगा। प्रधानमंत्री डेढ़ लाख लोगों की क्षमता वाले सभास्थल पर लोगों को संबोधित करेंगे। लोकार्पण के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए कलाकार बुलाए गए हैं। स्कूली बच्चे भी प्रस्तुति देंगे। शाम को कवि सम्मेलन होगा। इसमें दूर-दराज से कवियों का जमवाड़ा लगेगा। कार्यक्रम में शामिल होने कई जिलों से आने वाले डेढ़ लाख लोगों को लाने और वापस ले जाने के लिए 2555 रोडवेज बसें लगाई गईं हैं। बैठने के लिए स्थल को आठ ब्लॉकों में बांटा है। इसमें ए ब्लॉक में लखनऊ, बी ब्लॉक में हरदोई, डी ब्लॉक में सीतापुर, ई ब्लॉक में लखीमपुर, सी ब्लॉक में बाराबंकी, यू ब्लॉक में उन्नाव और आर ब्लॉक में रायबरेली जिले के आए लोग बैठेंगे। ए-1 और ए-9 ब्लॉक में जिलों से आने वाले विशिष्ट अतिथियों के बैठने की व्यवस्था की गई है।

हरदोई रोड पर एलडीए की बसंतकुंज योजना में 65 एकड़ में बनाए गए राष्ट्र प्रेरणा स्थल में स्थापित पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमाएं और सजा पंडाल।

पौधे, वॉल पेंटिंग और रंग बिरंगी लाइटें लगाकर की गई सजावट

- परिसर के बाहर पौधे, वाल-पेंटिंग आदि से सजावट की गई। मंच व म्यूजियम के साथ मुख्य प्रवेश द्वार सजाए गए। खासकर बसंतकुंज को आने-जाने वाली सड़कों पर पोस्टर, बैनर, लाइटें लगाए गए। नगर निगम और एलडीए ने डिवाइडर और चौराहों पर रंग-बिरंगें फूलों के पौधे रखवाए।

राष्ट्र प्रेरणा स्थल को कुछ इस तरह रंग बिरंग फूलों से सजाया गया है।

चार मुख्य गेटों से मिलेगा प्रवेश

- प्रेरणा स्थल में प्रवेश के चार मुख्य गेट हैं। जो जनपद वार बांटे गए। लखनऊ, हरदोई, उन्नाव व रायबरेली से आए लोगों को गेट संख्या 3 व 4 से प्रवेश मिलेगा। जबकि बाराबंकी को गेट संख्या 5 और सीतापुर व लखीमपुर को गेट संख्या 6 से प्रवेश दिया जाएगा। इसी तरह हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर, बाराबंकी और लखनऊ से आने वाले विशिष्ट अतिथि गेट संख्या 3 और 4 से प्रवेश करेंगे। पार्किंग से कार्यक्रम स्थल की दूरी 300, 1200, 1250 व 1500 मीटर दूरी रखी गई है।

कंट्रोल रूमों से होगी बसों की निगरानी

- जिलों से आने वाले लोगों की सुविधा और सुरक्षा के लिए दो कंट्रोल रूम बनाए गए हैं। एक संबंधित जिले पर और दूसरा प्रेरणा स्थल की पार्किंग पर बनाया गया है। जनपद वार एकरूपता और पहचान के लिए कलर कोडिंग की गई है। जिलों के कंट्रोल रूम से पहले हर एक व्यक्ति को कॉल करके उन्हें बुलाया व जानकारी की जाएगी। यदि नहीं आए या देरी हुई तो चेक लिस्ट भर देंगे और स्वीकृति मिलने पर ही बसें रवाना होंगी। चलते समय बसों में नाश्ता व लंच पैकेट दिए जाएंगे। हर बस में एक सुपरवाइजर व उपनिरीक्षक रहेंगे। पार्किंग स्थल पर बने कंट्रोल रूम से पल-पल जानकारी की जाएगी।

प्रधानमंत्री म्यूजियम भी देखेंगे

प्रेरणा स्थल में 40 करोड़ रुपये से बना म्यूजियम ब्लॉक प्रधानमंत्री देखेंगे। यहां एक गैलरी में लाइव अटल बिहारी वाजपेयी, दूसरे में पंडित दीनदयाल उपाध्याय व तीसरे में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन से जुड़े प्रेरणादायी प्रसंग एलईडी पर प्रदर्शित होंगे। अटल जी की कविताएं, इसके अलावा गैलरी में महान विभूतियों की फोटो, स्टोन म्यूरल्स के साथ ही डिजिटल पैनल पर लाइव ऑडियो-वीडियो विजुअल्स प्रदर्शित करके जन्म और शिक्षा से लेकर राजनीति तक का इतिहास दर्शाया गया है। 12 इंटरप्रिटेशन वॉल बनाई गई हैं। म्यूजियम 6300 वर्गमीटर में 40 करोड़ से बना है। वहीं, परिसर में 65 फीट की तीनों महान विभूतियों की ब्रास से बनी प्रतिमाएं भी आकर्षण का केंद्र बनेंगी।

प्रेरणा स्थल में स्थापित भारत माता की मूर्ति।

ऐसा है प्रेरणा स्थल

- निर्माण दिसंबर 2022 से दिसंबर 2025 तक
- 40 एकड़ में विशाल जनसभा स्थल
- दो ऊपर-नीचे बड़े स्टेज (मंच)
- ऊपर का स्टेज 47×15 नीचे का 21×45 मीटर
- आने-जाने के छह मुख्य गेट
- मेडिटेशन सेंटर व म्यूजिमय क्यूरेशन
- तीन हेलीपैड, पाथ-वे व पांच टायलेट
- क्षमता 400 लोगों की क्षमता का योगा सेंटर
- चार लिफ्ट, एक हाईड्रोलिक लिफ्ट
- आठ वीआईपी और वीवीआईपी रूम

म्यूजियम ब्लॉक



- तीन हजार लोगों की क्षमता का थियेटर
- बड़ी एलईडी डिस्पले, दीवारों पर चित्र व जीवन परिचय
- महान विभूतियों की फोटो, स्टोन म्यूरल्स
- डिजिटल पैनल पर लाइव ऑडियो-वीडियो
- ग्रीन रूम, डायनिंग एरिया, वीआईपी लॉन

जिलों के विशिष्ट अतिथि

जनपद	बस	अतिथि
हरदोई	25	1,250
सीतापुर	40	2,000
लखीमपुर	25	1,250
बाराबंकी	40	2,000
लखनऊ	40	2,000

बसों में लगाए स्टीकर

- सुबह से शाम तक बसों की अलग-अलग पार्किंग बनाने के साथ बसों पर कलर कोड के स्टीकर लगाए गए। नोडल, सुपरवाइजर, चालक-परिचालक आदि को परिचय पत्र वितरित करके संबंधित जिलों पर भेजा गया। ये गुरुवार सुबह चिह्नित प्वांइट पर दूरी के हिसाब से सुबह 6 :30, 7 :00 व 8 :00 बजे लोगों को लेकर प्रेरणा स्थल आएंगे। सुबह लोगों के लेकर कार्यक्रम स्थल पर आएंगे।

सिटी ब्रीफ

अपर नगर आयुक्त को एडीएम भू-अध्याप्ति की जिम्मेदारी

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम की अपर नगर आयुक्त नम्रता सिंह को शासन ने नई जिम्मेदारी दी है। उन्हें लखनऊ में एडीएम भू-अध्याप्ति के पद पर तैनाती दी है। अपर नगर आयुक्त के खिलाफ महापौर सुषमा खर्कवाल ने मोर्चा खोल दिया था। उन पर नगर निगम को आर्थिक क्षति पहुंचाने का गंभीर आरोप लगाते हुए नगर आयुक्त को कार्रवाई के निर्देश दिए थे। महापौर ने इसकी शिकायत शासन से करते हुए उन्हें हटाने की मांग की थी।

गंदगी और पॉलीथिन मिलने पर वसूला जुर्माना

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम ने बुधवार को गंदगी और प्रतिबंधित पॉलीथीन के खिलाफ अभियान चलाकर 51,200 रुपये जुर्माना वसूला। जोन 2 के यहियागंज वार्ड में शिक्षा भवन के आस-पास चलाये गए अभियान में प्रतिबंधित पॉलीथीन पाये जाने पर 4 दुकानों का चालान करके 11,200 रुपये जुर्माना वसूला। अतिक्रमण एवं गंदगी फैलाने पर 8 चालान करके 12,100 रुपये शमन शुल्क वसूला। जोन 3 के डंडहिया मार्केट में प्रतिबंधित पॉलीथीन पाये जाने पर दुकानदारों से 28,000 रुपये जुर्माना वसूला। कार्रवाई में एसएफआई आकांक्षा गोस्वामी और सुमित मिश्रा उपस्थित रहे।

सीएसआईआर को मिला विज्ञान पुरस्कार

अमृत विचार, लखनऊ : सीएसआईआ- अरोमा मिशन को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया। ये पुरस्कार सुगंधित फसलों के क्षेत्र में वैज्ञानिक नवाचार, किसान-केंद्रित तकनीकों और सतत आजीविका सृजन के माध्यम से मिशन की परिवर्तनकारी भूमिका को मान्यता देता है। सीएसआईआर-अरोमा मिशन के मिशन निदेशक डॉ. प्रभोद कुमार त्रिवेदी ने टीम की ओर से यह प्रतिष्ठित पुरस्कार ग्रहण किया। मिशन ने निरंतर तकनीकी सहयोग के माध्यम से किसानों की आय में वृद्धि, मूल्य संवर्धन और ग्रामीण आजीविका को सुदृढ़ करने में उल्लेखनीय योगदान दिया है। इस अवसर पर सीएसआईआर-सीमैप, लखनऊ के संकाय सदस्यों ने ऑनलाइन माध्यम से समारोह में सहभागिता की और सीएसआईआर-सीमैप के निदेशक को उनके दूरदर्शी नेतृत्व, मार्गदर्शन, निरंतर सहयोग तथा सीएसआईआर-अरोमा मिशन में उनके अमूल्य योगदान के लिए हार्दिक बधाई दी।

नगर निगम कर्मचारियों ने मनाया अटल का जन्मदिन

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ नगर महापालिका कर्मचारी यूनियन ने बुधवार को पूर्व संध्या पर नगर निगम प्रांगण में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म दिन मनाया। महापौर सुषमा खर्कवाल और कर्मचारियों ने उनकी फोटो पर माल्यार्पण करके उनके व्यक्तित्व एवं कार्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में यूनियन के संरक्षक चन्द्र प्रकाश अग्निहोत्री, अध्यक्ष ओम प्रकाश उप्रेती, महामंत्री राकेश लक्खा, कार्यवाहक अध्यक्ष सुनील सारथी, उपाध्यक्ष राकेश कोतवाल, कोषाध्यक्ष उमाशंकर, प्रांतीय अध्यक्ष उप्र नगर निगम कर्मचारी संघ शशि कुमार मिश्र सहित सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित थे।

अभिभावक के रूप में देश को मिला अटल का मार्गदर्शन

पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती की पूर्व संध्या पर 'अटल गीत गंगा' कार्यक्रम में अटल महानायक का विमोचन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्षा मंत्री व लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह की मौजूदगी में बुधवार को अटल गीत गंगा कार्यक्रम को संबोधित किया। अतिथियों ने 'अटल महानायक' पुस्तिका का विमोचन व प्रथम ई-बुक का भी लोकार्पण किया। यह कार्यक्रम पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित किया गया।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल ने छह दशक तक भारतीय राजनीति को नई ऊंचाई दी, उसे मूल्यों व आदर्शों के साथ जोड़ा। राजनीति में हम किसी भी ओर रहें, लेकिन अपनी धमक व पहचान को लेकर उसे आगे बढ़ा सकते हैं। अटल की प्रेरणा, संघर्ष व संकल्प उनकी कविताओं में भी दिखता है। वे कवि, लेखक, पत्रकार, दूरदृष्टा राजनेता भी थे। पूरे देश ने अभिभावक के रूप में उनका मार्गदर्शन लिया है। दुनिया भी उनका सम्मान करती थी। अटल भारतीय राजनीति के अजातशत्रु थे।मुख्यमंत्री योगी ने अटल की कविता 'हार नहीं मानूंगा, रार नहीं ठानूंगा' का जिक्र किया और कहा कि जिस भी नागरिक के सामने संकट होता है, उनकी कविताएं उसके लिए प्रेरणा होती हैं। अटल कवि हृदय थे, लेकिन देश के लिए उन्होंने उतनी ही दृढ़ इच्छाशक्ति से कार्य किया। उनके जैसा दूरदर्शी नेता कोई नहीं हुआ। ग्राम्य विकास हो, नगरीय कनेक्टिविटी, देश के अंदर पब्लिक सपोर्ट सिस्टम को नए आयाम के साथ बढ़ाने का कार्य हो या गरीब कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से पं. दीनदयाल उपाध्याय के सपने 'अंत्योदय' के लक्ष्य को प्राप्त करने का उनका संकल्प, पूरी व्यवस्था को नई पहचान देता है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अटल ने जब भाजपा की कमान संभाली, तब स्थिति विपरीत थी। फिर भी उन्होंने दृढ़ता से कार्य किया और कहा कि 'अंधेरा छंटेगा, सूरज निकलेगा'।

केजीएमयू में पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती की पूर्व संध्या पर आयोजित एकल काव्य पाठ कार्यक्रम के दौरान 'अटल महानायक' पुस्तक का विमोचन करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, कुमार विश्वास, भूपेंद्र चौधरी व अन्य।

रिवर फ्रंट पर 'संगम संस्कृतियों का' की शुरुआत

- **अमृत विचार, लखनऊ :** अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर गोमती रिवर फ्रंट पर आयोजित दो दिवसीय "संगम संस्कृतियों का" कार्यक्रम का शुभारंभ पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने किया। उन्होंने अटल को देश का प्रखर वक्ता, अजातशत्रु राजनेता, लेखक और दूरदर्शी राष्ट्रनायक बताते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की ।पर्यटन मंत्री ने बुधवार को कहा कि अटल बिहारी वाजपेई के स्मरण के लिए यह भव्य आयोजन किया गया है। उनका व्यक्तित्व और विचार आज भी देश को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। जयवीर सिंह ने कहा कि अटल का पैतृक गांव बटेश्वर, आगरा में स्थित है, जहां पर्यटन विभाग द्वारा ईको-टूरिज्म, घाटों के सौंदर्यीकरण तथा अन्य पर्यटक सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गोमती रिवर फ्रंट अब अटल के प्रशंसकों और अनुयायियों के लिए प्रमुख सांस्कृतिक और पर्यटन स्थल बनेगा। कार्यक्रम में विभिन्न संस्कृतियों के संगम के साथ खान-पान के स्टॉल, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, फैशन शो, मैजिक शो, पपेट शो और कवि सम्मेलन संपन्न हुआ।

राज्यसभा सांसद ने बांटे कंबल और चश्मा

- **अमृत विचार, लखनऊ :** राज्यसभा सांसद और पूर्व उप मुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा ने गुरुवार को मालवीय नगर में ममता चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से अटल बिजारी वाजपेयी की जयंती की पूर्व संध्या पर ट्राई साइकिल, विकलांग उपकरण, आंखों के चश्मा तथा कंबलों का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रेरणा स्थल लोकार्पण के लखनऊ के लोग गुरुवार को साक्षी बनेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने गरीबों के लिए पांच लाख तक मुफ्त उपचार की सुविधा दी है। गरीब के सिर पर छत और घर के अन्दर शौचालय, बिजली और गैस चूल्हे का इंतजाम भी मोदी सरकार कर रही है। किसान को सम्मान निधि भी मिल रही है। उन्होंने ममता चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष राजीव मिश्र की प्रशंसा की। अध्यक्षता समाज सेवी सचिन अग्रवाल ने की।

केजीएमयू और लोहिया में छुट्टी अस्पतालों में 12 बजे तक ओपीडी

अमृत विचार, लखनऊ : क्रिसमस डे के मौके पर गुरुवार को छुट्टी घोषित है। इसलिए चिकित्सा संस्थानों में ओपीडी पूरी तरह से बंद रहेगी। वहीं,बलरामपुर और सिविल अस्पताल सहित अन्य सरकारी अस्पतालों में ओपीडी का संचालन दोपहर 12 बजे तक होगा। अस्पतालों और चिकित्सा संस्थानों के अधिकारियों ने बताया कि इमरजेंसी में मरीजों को 24 घंटे इलाज दिया जाएगा।

पीजीआई, केजीएमयू, लोहिया, कैंसर संस्थान व अन्य चिकित्सा संस्थान में ओपीडी का संचालन गुरुवार को नहीं होगा। केजीएमयू प्रवक्ता डॉ. केके सिंह, लोहिया संस्थान के प्रवक्ता डॉ. भुवन चंद्र तिवारी ने बताया कि गुरुवार को छुट्टी की वजह से ओपीडी में मरीज नहीं देखे जाएंगे। इमरजेंसी में मरीजों को 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। बलरामपुर अस्पताल में एमएस डॉ. देवाशीष शुक्ला, सिविल अस्पताल की निदेशक डॉ. कजली गुप्ता, आरएसएम अस्पताल के सीएमएस डॉ. वीके शर्मा सहित लोकबंधु व अन्य सरकारी अस्पतालों के प्रभारियों ने बताया कि अस्पतालों में ओपीडी का संचालन दोपहर 12 बजे तक होगा। मरीजों की जांचें और इलाज दोपहर 12 बजे तक मिलेगा।

पुष्पांजलि

अटल बिहारी वाजपेयी साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में बुधवार रात आयोजित किया गया कार्यक्रम

अटल की जयंती पर कुमार ने विश्वास से पढ़ी कविता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती की पूर्व संध्या पर बुधवार को अटल बिहारी वाजपेयी साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में कुमार विश्वास के एकल काव्य पाठ का आयोजन किया गया। इसमें विश्वास की भवानी सुन लो राम कहानी, रोज नई लगती है, लेकिन है ये परम पुरानी, वही कहानी एक जो तुमने दो जन्मों में मानी, पंक्तियों सुनकर सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि अटल जी ने देश को परमाणु शक्ति सम्पन्न राष्ट्र बनाया और इसे आत्मनिर्भर, सशक्त व तकनीकी रूप से विकसित किया। उन्होंने लोकतंत्र के मूल्यों को मजबूत किया और न्यायपालिका, चुनाव आयोग एवं मीडिया की स्वतंत्रता को बरकरार रखा। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि अटल जी महान कवि भी थे। उन्होंने कविताओं से सदन में विरोधियों को परास्त किया। उनकी सरल और प्रभावशाली कविताओं में देशभक्ति, त्याग और प्रेरणा का संदेश झलकता था। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, महापौर सुषमा खर्कवाल भी रहीं।

भाजपा प्रदेश मुख्यालय में दी गई दीपांजलि

- **अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश भाजपा ने भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती की पूर्व संध्या पर बुधवार को प्रदेश भाजपा मुख्यालय में दीपांजलि से अटल जी को नमन किया। प्रदेश में अटल के सभी स्मारकों तथा जिला भाजपा कार्यालयों में दीपांजलि अर्पित करके सुशासन के अग्रदूत को नमन किया। प्रदेश मुख्यालय में प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं तथा स्थानीय नागरिकों के साथ दीपांजलि अर्पित करके पूर्व प्रधानमंत्री को नमन किया। धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में अटल ने सुशासन, राष्ट्रीय सुरक्षा, अर्थिक सुदृढ़ता तथा भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाया। प्रदेश उपाध्यक्ष कान्ताकर्दम, सत्यपाल सिंह सैनी, बृज बहादुर, डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला, अनूप गुप्ता, संजय राय, राम प्रताप सिंह चौहान, प्रदेश मंत्री शंकर लोधी, बंसत त्यागी, शिव भूषण सिंह, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी हिमांशु दुबे, प्रदेश मुख्यालय प्रभारी भारत दीक्षित मौजूद रहे।

भाजपा प्रदेश मुख्यालय में दीपांजलि अर्पित करते धर्मपाल सिंह व अन्य।

सिटी ब्रीफ

दो के खाते से साइबर ठग ने उड़ाए 75 हजार

अमृत विचार, लखनऊ : साइबर जालसाजों ने युवती समेत दो लोगों के खातों से 75 हजार रुपये उड़ा लिए। साइबर ठगी के ये मामले हसनगंज और कृष्णानगर क्षेत्र के हैं। पुलिस ने दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच शुरू कर दी है। डालीगंज के कुतुबपुर केसरीपुर निवासी शैलेश कुमार वर्मा ने बताया कि कुछ दिन पहले उनके पास टेलीग्राम पर 'ऑफिशियल ट्रेडिंग एक्सपर्ट' चैनल से मैसेज आया। मैसेज में निवेश करने पर अच्छा मुनाफा दिलाने और ट्रेडिंग सिखाने का आश्वासन दिया गया। संपर्क करने पर जालसाज ने उन्हें बातों में फंसा लिया, जिसके बाद शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 66,358 रुपये ट्रांसफर करा लिए। मुनाफा न मिलने पर पीड़ित ने दोबारा संपर्क किया तो जालसाज ने और निवेश करने का दबाव बनाया। शक होने पर पीड़ित ने हसनगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। वहीं, कृष्णानगर के नटखेड़ा स्थित रामगली निवासी नवदीप कौर ने बताया कि साइबर जालसाज ने उन्हें बातों में फंसाकर 8,745 रुपये ऐंठ लिए। पुलिस ने इस मामले में भी रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बड़े भाई की हत्या करने वाला गिरफ्तार डंडा बरामद

अमृत विचार, लखनऊ : खरगापुर में मकान में हिस्सेदारी न मिलने पर पत्नी संग मिलकर बड़े भाई रामदेव की पीटकर हत्या करने वाले आरोपी भाई मोनू को गोमतीनगर विस्तार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त डंडा रघुनाथ नगर गेट के पास प्लॉट में झाड़ियों से बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपी मोनू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इंस्पेक्टर सुधीर कुमार अवस्थी ने बताया कि सोमवार रात खरगापुर स्थित पंचायत भवन के पास छोटे भाई ने मकान की हिस्सेदारी के विवाद में भाई रामदेव (51) की डंडे से वारकर हत्या कर दी थी। यही नहीं आरोपी ने सीने पर चढ़कर मुंह पर लातें भी मारी थी। वारदात के बाद आरोपी पत्नी संग भाग गया था। मामले में पत्नी सुनीता ने देवर मोनू और उसकी पत्नी सीमा के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। गुरुवार को पुलिस ने आरोपी को शहीद पथ अंडर पास के हिमालयन तिराहे से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी की पत्नी की तलाश कर रही है।

थार सवार दबंगों ने बीच सड़क की गुंडई, व्यवसायी को रिवॉल्वर की बट से मारा

जमीन पर गिराकर लात-घूसों से पीटा, शिकायत करने पर धमकाया, इलाज के बाद पीड़ित ने कैंट कोतवाली में छह अज्ञात पर दर्ज कराई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : कैंट स्थित सालखेड़ा इलाके में बीच सड़क पर थार जीप खड़ी करने से टोकने पर दबंगों ने ऑप्टिकल व्यवसायी पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने रिवॉल्वर की बट से सिर पर वार किया और जमीन पर गिराकर लात-घूसों से बेरहमी से पीटा। पीड़ित को धमकाया गया कि सड़क गांववालों की है, ओमेक्स की नहीं। शिकायत करने पर पूरे परिवार को खत्म करने की धमकी भी दी गई। पीड़ित ने डायल-112 पर सूचना दी। बेहोशी की हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के बाद पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

अर्जुनगंज स्थित ओमेक्स रेजीडेंसी निवासी मानव कपूर की हजरतगंज में ऑप्टिकल का शोरूम है। 18 दिसंबर की दोपहर करीब 12:15 बजे वह एक्टिवा से दुकान जा रहे थे। रास्ते में कैंट के सालखेड़ा इलाके में सड़क के बीच काली थार गाड़ी खड़ी थी, जिसका चालक मोबाइल पर बात कर रहा था। गाड़ी के सभी शीशों पर काली फिल्म लगी थी और उस पर 'अधिवक्ता' लिखा था। लगातार हार्न देने पर थार सवारों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी गई।

आरोपियों ने अपने तीन-चार अन्य साथियों को भी बुला लिया। आरोप है कि एक आरोपी ने साथी से रिवॉल्वर निकालने को कहा, लेकिन उसने मना कर दिया। इसके बाद आरोपियों ने मानव को एक्टिवा से गिराकर लात-घूसों से बेरहमी से पीटा और सिर पर रिवॉल्वर की बट से वार कर दिया। धमकाया गया कि भाग जाओ, यह सड़क गांववालों की है, ओमेक्स की नहीं। पीड़ित ने मोबाइल निकालकर थार जीप की फोटो लेने का प्रयास किया तो आरोपियों ने मोबाइल छीनकर फेंक दिया और दोबारा हमला किया। साथ ही चेतावनी दी कि अगर पुलिस में शिकायत की तो ओमेक्स में घुसकर पूरे परिवार को जान से मार देंगे। एसओ गुरप्रीत कौर ने बताया कि छह अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

23 मिनट बाद पहुंचा एक सिपाही

पीड़ित किसी तरह पुलिस बूथ पहुंचा और 12:27 बजे डायल-112 पर सूचना दी। 23 मिनट बाद बाइक सवार एक सिपाही मौके पर पहुंचा। सिपाही पीड़ित को दोबारा घटनास्थल पर लेकर गया, लेकिन तब तक आरोपी वहां से जा चुके थे। इसी दौरान पीड़ित मानव बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से उसे सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। सीटी स्कैन और एक्सरे के बाद इलाज कर रात में छुट्टी दे दी गई।

परिवार पर जान का खतरा

पीड़ित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आरोपी उसके घर से करीब एक किलोमीटर दूर रहते हैं। पीड़ित के परिवार में पत्नी, माता-पिता, छोटा भाई, उसकी पत्नी और ढाई साल की बच्ची शामिल है। आरोपियों ने शिकायत करने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी थी। पीड़ित ने आरोपियों से अपने परिवार को जान का खतरा बताया है।

पार्किंग में खड़ी गाड़ी से लैपटॉप व दो लाख रुपये गायब

अमृत विचार, लखनऊ: गुडंबा के स्कॉर्पियो क्लब की पार्किंग में खड़ी एसयूवी से लैपटॉप व दो लाख रुपये चोरों ने पार कर दिए। पीड़ित आशीष कुमार टंडन ने गुडंबा थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। सआदतगंज के चूड़ी वाली गली निवासी निवासी आशीष कुमार टंडन ने बताया कि चोरी के बाद क्लब प्रशासन से संपर्क किया तो टालमटोल की गयी, लेकिन तीन घंटे बाद बैग होने की बात स्वीकार कर ली। गाड़ी से चोरी गया बैग की फोटो भी फोटो व्हाट्सएप पर भेजी गई। आरोपी जिस वाहन से आए थे वह कैसरबाग निवासी ललिता बनर्जी के नाम पर है।

शादी से किया इनकार तो रेलकर्मी ने लगाया फंदा

नहीं मिला सुसाइड नोट, मां ने लगाए गंभीर आरोप, कृष्णानगर के एलडीए कॉलोनी की घटना

संवाददाता, आलमबाग

रेलकर्मी वंशित

अमृत विचार : कृष्णानगर स्थित एलडीए कॉलोनी में रेलकर्मी ने मकान के पहले तल पर बने कमरे में दुपट्टे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने कमरे की छानबीन की, लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। मृतक की मां ने उसके प्रेम संबंध को लेकर एक युवती पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि युवती ने पहले महंगे गिफ्ट लिए और बाद में शादी से इंकार कर दिया, जिससे बेटा मानसिक रूप से काफी आहत था। मां ने इस संबंध में पुलिस को तहरीर दी है।

मंगलवार की शाम रेलकर्मी ने अपने घर के प्रथम तल पर बने कमरे में दुपट्टे का फंदा बनाकर जान दे दी। परिजन जब तक कुछ समझ पाते, तब तक वह अचेत हो चुका था। परिजन उसे फंदे से उतारकर लोकबंधु अस्पताल ले गए, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

एलडीए कॉलोनी सेक्टर-डी निवासी वंशित कांडा (24), पुत्र स्व. राजेश कांडा, ऐशबाग रेलवे डिपो में टेक्नीशियन पद पर कार्यरत था। मंगलवार शाम मां अपर्णा बेटे को बुलाने उसके कमरे में गईं तो उसे फंदे से लटका देख चीख पड़ीं। शोर सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में वंशित को नीचे उतारकर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

परिजनों ने घटना की सूचना डायल-112 पर दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मां ने पुलिस को बताया कि वह बेटे के साथ ही रहती थीं। उनकी दो बेटियां आकांक्षा और तृप्ति हैं, जिनकी शादी हो चुकी है। बेटे को रेलवे में मृतक आश्रित के रूप में नौकरी मिली थी। वंशित का आशियाना क्षेत्र में रहने वाली एक युवती से करीब छह साल से संपर्क था।

मां के अनुसार बेटा इस रिश्ते को लेकर काफी गंभीर था और उसी युवती से शादी करना चाहता था। आरोप है कि युवती वंशित से महंगे गिफ्ट लेती रही, लेकिन हाल ही में उसने शादी से साफ इंकार कर दिया, जिससे बेटा टूट गया था। इंस्पेक्टर पीके सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

एयरपोर्ट के लैबर कैंप में मजदूर, माल में युवक ने फंदा लगाकर की खुदकुशी

संवाददाता, सरोजनीनगर/माल

सुभाष

मनीष

अमृत विचार : सरोजनीनगर थाना क्षेत्र स्थित लखनऊ एयरपोर्ट के लेबर कैंप में बुधवार दोपहर एक मजदूर ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं, माल थाना क्षेत्र के बक्खाखेड़ा गांव में एक युवक ने भी फंदा लगाकर जान दे दी। दोनों ही मामलों में पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

मूल रूप से पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के बामन गोला स्थित अली चोरा निवासी सुभाष टुडू (26) लखनऊ एयरपोर्ट के लेबर कैंप में अपने कुछ साथियों के साथ रहकर मजदूरी करता था। इंस्पेक्टर सरोजनीनगर राजदेव राम प्रजापति ने बताया कि सुभाष पिछले चार-पांच दिनों से छुट्टी पर था। बुधवार को उसके साथी मजदूर काम पर चले गए, जबकि सुभाष कमरे में ही रुका रहा। दोपहर करीब 1:30 बजे जब साथी मजदूर खाना खाने वापस आए तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला।

काफी देर तक आवाज देने के बाद भी जब अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली तो पीछे लगी खिड़की से झांककर देखा गया। अंदर सुभाष लोहे के चैनल से साड़ी के सहारे फंदे पर लटका मिला। दूसरी घटना माल थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत नबीपनाह के बक्खाखेड़ा गांव की है। यहां बुधवार शाम ठाकुर प्रसाद के बेटे मनीष मौर्य (19) ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस की छानबीन में सामने आया कि मनीष चंडीगढ़ में रहकर एक होटल में काम करता था। बुधवार दोपहर करीब तीन बजे वह घर से मोटरसाइकिल की चाबी लेकर सिम कार्ड पोर्ट करवाने की बात कहकर नबीपनाह चौराहे के लिए निकला था।

काफी देर तक घर न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान कुछ दूरी पर स्थित दूसरे घर का दरवाजा अंदर से बंद मिला। दरवाजा तोड़कर देखा गया तो मनीष रस्सी के सहारे फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि मनीष के परिवार में उसकी मां सुभाषिनी और भाई आकाश हैं। दोनों मामलों में आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है।

चालक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

अमृत विचार, लखनऊ : चिनहट के निजामपुर मल्हौर इलाके में कलह के बाद नाराज पत्नी के मायके जाने से क्षुब्ध होकर चालक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन के सुपुर्द कर दिया है। निजामपुर मल्हौर निवासी सुमित कुमार (20) ड्राइवर था। मंगलवार को किसी बात को लेकर सुमित का पत्नी कोमल से विवाद हो गया। बात बढ़ने पर कोमल नाराज होकर काकोरी स्थित अपने मायके चली गई। पत्नी के जाने के बाद सुमित ने कमरे में जाकर फंदे से लटक गया।

खुदाबख्श कर्बला से ईरानी घोड़ा चोरी, कैमरे में दिखा चोर

चोरी हुआ ईरानी घोड़ा। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कर्बला प्रबंधक ने तालकटोरा थाने में दर्ज करायी रिपोर्ट

अमृत विचार: तालकटोरा के राजाजीपुरम स्थित खुदाबख्श कर्बला परिसर से बुधवार तड़के चोर ने ईरानी घोड़ा (जुलजनाह) चोरी कर लिया। सीसीटीवी कैमरों में भी चोर घोड़े को ले जाता हुआ कैद हुआ है। मामले में कर्बला के प्रबंधक ने डॉयल-112 पर सूचना देने के बाद तालकटोरा थाने में तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर फुटेज की मदद से जांच शुरू कर दी है।

राजाजीपुरम स्थित खुदाबख्श कर्बला के प्रबंधक सेनवीम नकवी ने बताया कि कर्बला के अस्तबल में ईरानी घोड़ा (जुलजनाह) बंधा हुआ था। जिसे बुधवार तड़के करीब 4:30 बजे चोरी कर लिया गया है। जुलजनाह शिया समुदाय की आस्था से जुड़ा है। इसे मुहर्रम के जुलूस में निकाला जाता है। बताया कि जुलजनाह की देखरेख करने वाला कर्मचारी छुट्टी पर था। इसी बीच मौका पाकर तड़के चोर ताला तोड़कर अस्तबल में घुसा और घोड़ा लेकर चला गया।

कर्बला के प्रबंधक ने बताया कि घोड़ा ईरान से लाया गया था। सफेद रंग का घोड़ा (जुलजनाह) की कीमत दो लाख रुपये है। इसे दुलदुल भी कहा जाता है। यह धार्मिक आस्था से जुड़ा होने के कारण इसकी काफी देखरेख की जाती थी। इंस्पेक्टर तालकटोरा कुलदीप दुबे ने बताया कि चोर घोड़ा लेकर आशियाना पुल की तरफ जाते दिखा है। अन्य कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

दुबग्गा के मशहूर कूल कॉर्नर के खाने में मिले कीड़े-मकोड़े

संवाददाता, काकोरी

- सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल
- दुबग्गा कूल कॉर्नर में खाने से पहले सतर्कता बरतें कहीं मिल न जाएं कीड़े

खाने में निकला काक्रोच।

अमृत विचार: दुबग्गा कानपुर बाईपास के निकट मशहूर कूल कॉर्नर (पूड़ी वाले) पर बुधवार को खाने में कीड़े-मकोड़े मिलने का मामला सामने आया है। घटना से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, हालांकि इस वीडियो की अमृत विचार अखबार पुष्टि नहीं करता है।वहीं जिसके बाद ग्राहकों में भारी आक्रोश है।

मशहूर कूल कॉर्नर (पूड़ी वाले) पर खाने में बुधवार दोपहर को खाना खाने कुछ ग्राहकों की फाइबर की थाली में कीड़े-मकोड़े मिलने से हड़कंप मच गया वहीं थोड़ी देर खाने की थाली में कीड़े मिलने की वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गई। जिसके बाद ग्राहकों में भारी आक्रोश है। ग्राहकों का कहना है कि वे अच्छी क्वालिटी और स्वादिष्ट भोजन की उम्मीद में यहां पहुंचे थे, लेकिन थाली में मरे हुए कीड़े (काकरोच) मिलने से हैरान रह गए। स्थानीय लोगों के अनुसार यह कोई पहली घटना नहीं है, इससे पहले भी इस प्रतिष्ठान को लेकर शिकायतें सामने आ चुकी हैं। लोगों ने फूड सेफ्टी विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर जांच-पड़ताल के बाद ऐसे प्रतिष्ठानों को लाइसेंस कैसे दे दिया जाता है। वहीं ग्राहकों का आरोप है कि महंगे दामों पर खाना परोसने वाले इस कूल कॉर्नर में साफ-सफाई की स्थिति बेहद खराब है, जिससे लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ हो रहा है। ग्राहकों ने फूड विभाग से मामले की जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग की है और आम लोगों से अपील की है कि दुबग्गा कूल कॉर्नर में खाने से पहले सतर्कता बरतें।

महिला वकील से दुराचार के आरोपी अधिवक्ता को राहत

विधि संवाददाता,लखनऊ

- हाईकोर्ट ने दी अंतरिम अग्रिम जमानत, सिविल कोर्ट परिसर में ही संबंध बनाने का आरोप

अमृत विचार: हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने महिला वकील के साथ दुराचार के मामले में पुलिस जांच में गंभीर खामियां पाते हुए आरोपी अधिवक्ता को अंतरिम अग्रिम जमानत प्रदान की है। कोर्ट ने टिप्पणी भी की है कि मामले की विवेचना अत्यंत सतही और लापरवाह ढंग से की गई है।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव सिंह की एकल पीठ ने आरोपी अधिवक्ता अतीकुल रहमान की अग्रिम जमानत याचिका पर पारित किया। मामला थाना वजीरगंज का है। आरोपी अधिवक्ता पर दुष्कर्म, विवाह का झांसा देकर शारीरिक शोषण, ब्लैकमेलिंग, धन उगाही तथा धर्म परिवर्तन के दबाव जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। पीड़िता स्वयं भी वकील है। एफआईआर में आरोप है कि आरोपी ने वीडियो और फोटो के माध्यम से उसे धमकाया तथा पैसों की मांग की। यह भी आरोप है कि सिविल कोर्ट परिसर स्थित बहुमंजिला इमारत के आठवें फ्लोर पर ही आरोपी अधिवक्ता ने पीड़िता के साथ संबंध बनाया। हालांकि, कोर्ट ने केस डायरी के अवलोकन के बाद पाया कि एफआईआर में कथित घटनाओं की तिथि, समय और स्थान स्पष्ट रूप से अंकित नहीं हैं। इसके अलावा, पीड़िता द्वारा जून 2024 से फोन कॉल के जरिए उत्पीड़न का आरोप लगाया गया। लेकिन पुलिस ने कॉल डिटेल रिकॉर्ड तक एकत्र नहीं किया, मेडिकल परीक्षण से भी पीड़िता ने इनकार कर दिया था। कोर्ट ने यह भी टिप्पणी की कि विवेचक ने अपनी विवेचना में खोज के स्थान, मिले व्यक्तियों और ठोस साक्ष्यों का उल्लेख नहीं किया। जिससे पूरी जांच संदेह के घेरे में आ गई।

दुकान में सेंध लगा नकदी व शराब चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पड़ोसी कार्यालय का ताला तोड़कर घुसे, फिर तोड़ी गई दीवार
- चिनहट के मटियारी इलाके की घटना

अमृत विचार : चिनहट के मटियारी चौराहे पर चोरों ने शराब की कंपोजिट दुकान को निशाना बनाया। एक कार्यालय का ताला तोड़कर घुसे चोरों ने बगल की दुकान की दीवार तोड़कर शराब की दुकान में सेंध लगाई। इसके बाद चोर हजारों की नकदी और शराब की महंगी बोतलें उठा ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

मटियारी कंचनपुर निवासी अधिवक्ता योगेंद्र सिंह की मटियारी चौराहे पर अंग्रेजी शराब और बीयर की दुकान है। उन्होंने बताया कि 18 दिसंबर की देर रात चोरों ने बगल में आनंद सिंह के कार्यालय का ताला तोड़ा। इसके बाद पास में स्थित विकास मौर्या की पानी-गिलास और नमकीन की दुकान की दीवार तोड़कर कंपोजिट दुकान में सेंध लगाई और चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

सुबह जब पीड़ित दुकान पहुंचे तो चोरी का पता चला। पीड़ित योगेंद्र ने चोरी की सूचना डायल-112 पर दी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित ने बताया कि चोरों ने गल्ले में रखे सेल के 38,190 रुपये और करीब नौ हजार रुपये की चार महंगी शराब की बोतलें चोरी कर लीं। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने पर पता चला कि वारदात रात करीब एक से दो बजे के बीच हुई। पुलिस ने पांच दिन की जांच के बाद चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

घर में घुसकर दिनदहाड़े लाखों की चोरी

- अमृत विचार, लखनऊ : तालकटोरा थाना क्षेत्र में चोरों ने दिनदहाड़े घर में घुसकर जेवर और नकदी समेत लाखों रुपये के माल पर हाथ साफ कर दिया। इंस्पेक्टर कुलदीप दुबे ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। तालकटोरा के बादशाहखेड़ा निवासी रेनू राजपूत ने बताया कि 21 दिसंबर की दोपहर चोर उनके घर में घुसकर 38 हजार रुपये और लाखों रुपये के जेवर चोरी कर ले गया। वारदात के बाद भाग रहे चोर को मोहल्लेवालों ने देखकर दौड़ाया, लेकिन वह भागने में सफल हो गया। पीड़िता ने मंगलवार को तालकटोरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सराहनीय

गॉल ब्लेडर ऑपरेशन के दौरान धमनियां कटने से युवक के पेट में भर गया था खून

निजी अस्पताल की चूक, केजीएमयू में दोबारा ऑपरेशन से बची जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : गॉल ब्लेडर में पथरी के ऑपरेशन के दौरान निजी अस्पताल में हुई गंभीर चूक के चलते 25 वर्षीय युवक की जान खतरे में पड़ गई। ऑपरेशन के दौरान खून की धमनियां कट जाने से मरीज के पेट में आंतरिक रक्तस्राव होता रहा। हालत बिगड़ने पर उसे किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) रेफर किया गया, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने समय रहते दोबारा ऑपरेशन कर उसकी जान बचा ली।

लखनऊ निवासी युवक को पेट दर्द की शिकायत पर एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जांच में गॉल ब्लेडर में पथरी की पुष्टि हुई। डॉक्टरों ने 26 अक्टूबर को लैप्रोस्कोपिक सर्जरी की। ऑपरेशन के दो दिन बाद मरीज को डिस्चार्ज कर दिया गया, लेकिन घर पहुंचते ही उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। मरीज को तेज बुखार, उल्टियां और पेट में तेज दर्द होने लगा।

ऑपरेशन के बाद दोबारा शुरू हुआ रक्तस्राव

डॉक्टरों के मुताबिक ऑपरेशन के बाद भी मरीज में दोबारा रक्तस्राव शुरू हो गया। इसके बाद सीटी एंजियोग्राफी कराई गई, जिसमें गॉल ब्लेडर ऑपरेशन के दौरान धमनियों के कटने की पुष्टि हुई। इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी यूनिट के डॉ. मनोज कुमार के नेतृत्व में टीम ने फटी धमनी को सफलतापूर्वक दुरुस्त किया, जिससे लीवर की रक्त आपूर्ति सुरक्षित हो सकी। जांच में रक्तस्राव पूरी तरह बंद होने की पुष्टि हुई। लगभग चार सप्ताह से अधिक समय तक अस्पताल में इलाज के बाद मरीज की हालत स्थिर हो गई और उसे 23 दिसंबर को स्वस्थ अवस्था में छुट्टी दे दी गई।

ऑपरेशन टीम में ये रहे शामिल

- ऑपरेशन टीम में सर्जरी विभाग की डॉ. सौम्या सिंह, डॉ. विजय, डॉ. नासिर, डॉ. साइमन, डॉ. तौकीर, डॉ. गरिमा, डॉ. प्रतीक, डॉ. साइमा, डॉ. जेके कुशवाहा, डॉ. मनोज कुमार और डॉ. बृजेश प्रताप सिंह शामिल रहे।

परिजन उसे दोबारा निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर बताकर केजीएमयू रेफर कर दिया। 8 नवंबर को मरीज को केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया। सर्जरी विभाग की डॉ. सौम्या सिंह ने मरीज की जांच की। उस समय मरीज गंभीर पीलिया से ग्रसित था और बेहोशी की हालत में था।

जांच में मरीज का हीमोग्लोबिन मात्र पांच ग्राम पाया गया, जिससे ब्लड प्रेशर भी काफी गिर चुका था। डॉक्टरों ने तत्काल रक्त चढ़ाने का निर्णय लिया। मरीज को करीब 10 यूनिट खून और 30 यूनिट फ्रेश फ्रोजन प्लाज्मा (एफएफपी) चढ़ाया गया। 15 नवंबर को इमरजेंसी में एक्सप्लोरेटरी लैप्रोटॉमी की गई। ऑपरेशन के दौरान पेट से लगभग एक लीटर खून और थक्के निकाले गए।

कड़कड़ाती ठंड

हजरतगंज में सुबह कड़ाके की ठंड के बीच निकलते राहगीर। अमृत विचार

अमृत विचार

www.amritvichar.com

मंगनी के बाद जख्मी हुआ पैर, मंगेतर ने की शादी और कराया इलाज

किंग जॉर्ज विश्वविद्यालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने पेश की सराहनीय मिसाल

हादसे के बाद जख्मी पैर।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जख्मी पैर में जूते पहनने पर घाव, छाले और अल्सर बनने लगा था
- इलाज के साथ टीम ने सर्जिकल हाई-एंकल शूज किया डिजाइन
- लगभग डेढ़ वर्ष बाद युवती फिर से सामान्य तरीके से चलने लगी

पति दुर्गेश के साथ शिवांगी।

अमृत विचार : वर्ष 2006 में रिलीज़ हुई सूरज बड़जात्या की फिल्म विवाह के नायक की तरह केजीएमयू के चतुर्थश्रेणी कर्मचारी ने असल जिंदगी में सराहनीय मिसाल पेश की है। मंगनी के बाद सड़क हादसे में मंगेतर का पैर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। चलने में असमर्थता के साथ जूते पहनने पर घाव, छाले और अल्सर बनने लगा। ऐसी गंभीर परिस्थिति में मंगेतर ने युवती का साथ नहीं छोड़ा। तय तारीख पर न केवल विवाह किया बल्कि केजीएमयू ले जाकर इलाज कराया और लगातार पत्नी को प्रोत्साहित करता रहा। पति के समर्पण, प्रेम और सहयोग के साथ डॉक्टरों के प्रयास से युवती फिर से चलने फिरने लगी है।

किंग जॉर्ज विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के सीवीटीएस विभाग में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी (प्यून) दुर्गेश से शिवांगी (19) का विवाह तय हुआ था। विवाह के कुछ महीने पहले अगस्त 2024 में वह हादसे का शिकार हो गई। जिसमें बाएं पैर में गंभीर चोट आई। चलना मुश्किल हो गया। जूते पहनने पर घाव, छाले और अल्सर बन जाता था। इससे लगभग वर्ष शिवांगी को नंगे पैर चलना पड़ा। पैर गंभीर रूप से जख्मी होने के बावजूद दुर्गेश ने मंगेतर शिवांगी का साथ नहीं छोड़ा। नवंबर 2025 में तय तारीख पर न केवल शिवांगी से विवाह किया बल्कि उसके हरसंभव इलाज का संकल्प लिया। विवाह के बाद दुर्गेश पत्नी शिवांगी को केजीएमयू ले गए। शारीरिक चिकित्सा एवं पुनर्वास विभाग (डीपीएमआर) में उसका परीक्षण कराया। विभाग की प्रोस्थेटिक एवं ऑर्थोटिक यूनिट की प्रभारी शगुन सिंह ने स्थिति का आकलन कर विशेष समाधान तैयार किया। शगुन ने बताया इससे पहले प्लास्टिक सर्जरी विभाग में शिवांगी की स्किन ग्राफ्टिंग की जा चुकी थी, किंतु चलने में अत्यधिक दर्द होता था। सामान्य जूते पहनने से दबाव और घर्षण के कारण घाव के साथ खून बहने लगता था। इसे देखते हुए डॉक्टरों की टीम ने मेटाटार्सल क्षेत्र में विशेष राहत के साथ संशोधित सर्जिकल हाई-एंकल शूज (जूता) डिजाइन किया। इस विशेष जूते से शरीर का भार पैर के आगे वाले हिस्से पर न पड़कर संतुलित रूप से बंटने लगा, जिससे नए घाव होने बंद हो गए। शिवांगी को आराम से चलने में मदद मिली। अब वह सामान्य रूप से चल सकती है। शकुन का कहना है कि शिवांगी के लिए दोबारा अपने पैरों पर खड़ा होना केवल चिकित्सा का परिणाम नहीं, बल्कि उसके पति के प्रेम और समर्पण का परिणाम है। पति ने कभी उनकी चोट को उनके भविष्य की बाधा नहीं बनने दिया।

इलाज के बाद विशेष शू पहने शिवांगी।

आज हजरतगंज में रहेगा रूट डायवर्जन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दोपहर तीन बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक रहेगा लागू

अमृत विचार: क्रिसमस-डे के अवसर पर शहर में डायवर्जन किया गया है। डीसीपी ट्रैफिक कमलेश दीक्षित ने बताया कि डायवर्जन गुरुवार दोपहर 3 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक लागू रहेगा। डायवर्जन के साथ ही वाहन पार्किंग की भी व्यवस्था की गई है।

डीसीपी ने बताया कि इस दौरान अगर कोई ट्रैफिक समस्या आती है तो ट्रैफिक कंट्रोल नंबर-9454405155 पर संपर्क कर सकते हैं।

इधर से न जाएं

- सुभाष/परिवर्तन चौक चौराहे से वाहन मेफेयर, अल्का होते हुए हजरतगंज चौराहे की ओर नहीं जाएंगे।
- केडी सिंह बाबू स्टेडियम तिराहे से वाहन हिन्दी संस्थान की ओर।
- हिन्दी संस्थान से वाहन मेफेयर की ओर।
- मेफेयर तिराहा से वाहन अल्का तिराहे की ओर।
- अल्का तिराहा से वाहन बैंक ऑफ इण्डिया तिराहे की ओर।
- बैंक ऑफ इंडिया तिराहा/लीला टॉकिज तिराहा से वाहन अल्का या कैथेड्रिल स्कूल की तरफ।
- डनलप तिराहा से वाहन बैंक ऑफ इंडिया या अल्का तिराहे की ओर।
- हजरतगंज चौराहे से अल्का, मेफेयर की ओर।

यहां रहेंगे वाहन प्रतिबंध

- मेफेयर तिराहा से अल्का तिराहा/बैंक ऑफ इण्डिया तिराहा से शाहनजफ रोड मजार चौराहा बीच।

यह होंगे नो-पार्किंग जोन

- हजरतगंज चौराहे से अल्का तिराहा से मेफेयर तिराहा एवं अल्का तिराहा से बैंक ऑफ इण्डिया तिराहा से शाहनजफ रोड मजार चौराहे तक वाहनों की पार्किंग प्रतिबंधित रहेगी।

यहां होगी पार्किंग

- कार्यक्रम में आने वाले वाहन सेंट फ्रांसिस स्कूल के अन्दर एवं बाहर सड़क के किनारे-किनारे एक पंक्ति में पार्क होंगे।
- हजरतगंज मल्टीलेवल पार्किंग में अन्य वाहन नवल किशोर रोड से होकर पार्किंग में आ-जा सकेंगे।

इधर से जाएं

- वाहन अशोक लॉट कैसरबाग या केडी सिंह बाबू स्टेडियम तिराहा, चिरैयाझील से सिकंदरबाग, संकल्प वाटिका ओवरब्रिज होकर।
- वाहन एसबीआई तिराहा, चिरैयाझील से सहारागंज, सिकंदरबाग या संकल्प वाटिका ओवरब्रिज होकर।
- वाहन चिरैयाझील से सहारागंज, सिकंदरबाग या संकल्प वाटिका ओवरब्रिज होकर।
- लालबाग चौराहा या वाल्मीकि तिराहा, केडी सिंह बाबू स्टेडियम तिराहा होकर।
- वाहन मेफेयर तिराहा या वाल्मीकि तिराहा होकर।
- वाहन नवल किशोर रोड/लारेन्स टेरेन्स कॉलोनी होकर।
- वाहन सप्रू मार्ग या सहारागंज होकर।
- वाहन सिकंदरबाग या कैपिटल

प्रभु यीशु के अवतरण पर बजी जिंगल बेल

सेंट जोसेफ कैथेड्रल, असेंबली ऑफ बिलीवर्स समेत शहर के सभी चर्च में की गई विशेष प्रार्थना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

हजरतगंज स्थित सेंट जोसेफ कैथेड्रल चर्च में अवतरण के बाद प्रभु यीशु के पैर को चूमती महिला। अमृत विचार

अमृत विचार: बुधवार रात 12 बजे प्रभु यीशु का अवतरण होते ही शहर हजरतगंज स्थित सेंट जोसेफ कैथेड्रल चर्च, लालबाग के चर्च, अलीगंज स्थित असेंबली ऑफ बिलीवर्स चर्च समेत सभी चर्च में जिंगल बेल बजने लगी। चर्च में मौजूद लोगों ने प्रभु यीशु की मूर्ति को चूमा, इसके बाद प्रार्थना की और पादरियों ने लोगों को प्रभु का संदेश सुनाया।

बुधवार सुबह से ही चर्चों में श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया। शाम होते ही चर्च रोशनी से जगमगा उठे। हजरतगंज स्थित सेंट जोसेफ कैथेड्रल चर्च में बिशप जेराल्ड जॉन मथियस की अगुवाई में रात 10:30 बजे क्रिसमस कैरल गायन के साथ पवित्र मिस्सा का आयोजन किया गया। डॉ. डोनाल्ड डिसूजा ने बताया कि क्रिसमस की तैयारियां कई सप्ताह पहले से शुरू कर दी गई थीं। इस वर्ष पल्ली सदस्य गुरुवार को मध्यरात्रि पवित्र मिस्सा और दिनभर आयोजित होने वाली पूजा सेवाओं में भाग लेंगे। ये सभी आयोजन धार्मिक आस्था और उल्लास से जुड़े होते हैं।

अलीगंज चर्च के फादर मॉरिस ने कहा कि क्रिसमस शांति के देवदूत प्रभु यीशु मसीह के जन्म का पर्व है। उन्होंने कहा कि हमारी प्रार्थना है कि यह क्रिसमस दुनिया में वास्तविक शांति, प्रेम और आनंद लेकर आए। यह पर्व हमें भाईचारे और सद्भाव के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

उधर, केक की दुकानों में भी जबरदस्त भीड़ देखी जा रही है। जेजे बेकर्स के मैनेजर के अनुसार, इस पर्व पर केक की मांग सामान्य दिनों की तुलना में तीन गुना तक गई। रम प्लम केक की कीमत 1300 से 1600 रुपये प्रति किलो तक रही।

असेंबली ऑफ बिलीवर्स चर्च में सबसे पहले मनाया बोनफायर

- असेंबली ऑफ बिलीवर्स चर्च परिसर में सबसे पहले बोनफायर मनाया गया। इस अवसर पर मंडलियों ने केक और कॉफी के साथ एक-दूसरे से मिलन किया। बोनफायर के चारों ओर कैरोल सॉग गाए गए, जिनमें हार्क द हेराल्ड एंजेल्स सिंग, जॉय टू द वर्ल्ड और ओ लिटिल टाउन ऑफ बेथलहम प्रमुख रहे। सभी ने क्रिसमस के आनंदमय वातावरण का उत्सव मनाया। गुरुवार को सुबह 10 बजे से चर्च में आराधना सेवा होगी, जिसमें पादरी डॉ. मॉरिस कुमार क्रिसमस संदेश साझा करेंगे। आराधना के बाद मंडली के लिए केक और कॉफी की व्यवस्था रहेगी।

हजरतगंज स्थित सेंट जोसेफ कैथेड्रल चर्च के बाहर मोमबत्ती जलाती युवतियां। अमृत विचार

बच्चों ने काटा केक

- विकास नगर सेक्टर छह स्थित कैरियर गर्ल्स कान्वेंट कालेज में प्री-प्राइमरी बच्चों ने क्रिसमस डे के उपलक्ष में 'रेड-डे' मनाया। सेंटा क्लाज के वेश में आए नन्हे-मुन्ने बच्चों ने केक काटा। शिक्षिकाओं ने इन बच्चों को सेटा क्लाज से जुड़ी कहानियां सुनाया। इस अवसर पर बच्चों के बीच कई प्रकार की खेल प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया।

सांता बनकर बांटे गिफ्ट

- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद मेमोरियल इंटर कॉलेज में बुधवार को प्रभु यीशु का दिवस और क्रिसमस-डे मनाया गया| प्राचार्या डॉ. वीके श्रीवास्तव ने बच्चों को यीशु के बारे में बताया। बच्चों ने क्रिसमस ट्री सजाया और सांता क्लॉज की वेशभूषा में गिफ्ट, चॉकलेट व खिलौने बांटे। सांस्कृति कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। विद्यालय संस्थापक डॉ. डीसी श्रीवास्तव, उप प्राचार्या शीला श्रीवास्तव, प्रवक्ता टी के चौधरी उपस्थित रहीं।

आंदोलन का हिस्सा है असेंबली ऑफ बिलीवर्स चर्च

- अलीगंज क्षेत्र में स्थित असेंबली ऑफ बिलीवर्स चर्च नव-करिश्माई ईसाई आंदोलन का हिस्सा है। इस आंदोलन की शुरुआत वर्ष 1973 में रेवरेंड रेजिनाल्ड बर्नी क्लिफोर्ड ने की थी। इस चर्च की जड़ें भारत की प्राचीन सेंट थॉमस ईसाई परंपरा से जुड़ी मानी जाती हैं। स्थापना के बाद से यह चर्च समूह यीशु मसीह के सुसमाचार के प्रचार, उनके पुनरुत्थान और पवित्र आत्मा के वरदानों पर केंद्रित रहा है। बिलीवर्स यानी विश्वासियों पर आधारित यह नाम चर्च की मूल विचारधारा को दर्शाता है। पादरी डॉ मॉरिस कुमार बताया कि यह करीबन 45 वर्ष पुराना चर्च है। यहां नियमित रूप से बाइबिल पाठ, सामूहिक प्रार्थना और प्रभु यीशु के गुणगान का आयोजन किया जाता है। चर्च समुदाय को जोड़ने का माध्यम भी है। उन्होंने बताया कि क्रिसमस जैसे प्रमुख ईसाई पर्वों पर चर्च में विशेष रौनक देखने को मिलती है। इस दौरान चर्च को सजाया जाता है, कैरल गायन होता है और घर-घर जाकर क्रिसमस कैरल प्रस्तुत किए जाते हैं।

वीर बाल दिवस पर निकाली प्रभात फेरी

अमृत विचार, बख्शी का तालाब : बख्शी तालाब में बुधवार को वीर बाल दिवस के अवसर पर भाजपाइयों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। ये एयरफोर्स रोड से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए भोलापुरवा स्थित गुरुद्वारा पर समाप्त हुई। जिसमें सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह के साहबजादे बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के अदम्य साहस और बलिदान की गाथा जन-जन तक पहुंचाई गई। प्रभात फेरी में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद क्षेत्रीय अध्यक्ष किसान मोर्चा अरुण सिंह मौजूद रहे। इस मौके पर जिला कार्यक्रम सह संयोजक सरदार नरेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष रवि प्रकाश तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी विवेक सिंह,मंडल अध्यक्ष संदीप यादव, कुलदीप सिंह, राजेंद्र लोधी समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

मेधावियों को किया गया पुरस्कृत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार,लखनऊ: नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल के वार्षिक समारोह के दूसरे दिन वर्ष 2024-25 में कक्षा दसवीं और बारहवीं के मेधावियों को बीपी हलवासिया अवॉर्ड, कमलेश हलवासिया मेमोरियल अवॉर्ड, आशा वैश्य मेमोरियल अवॉर्ड, अभिषेक दीक्षित अवॉर्ड तथा प्रिंसिपल कप से पुरस्कृत किया गया। छात्राओं ने चीनी छाता नृत्य, एंटीक रोम, डबके, पेरूवियन, एग्रो-अफ्रीकन सांबा, मैक्सिकन डांस और कथक नृत्य किया। मुख्य अतिथि पूर्व आईजी राजेश केएस राठौर रहे। प्रबंधक सुधीर एस. हलवासिया, प्रधानाचार्या श्रीमती बी. सिंह प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

सिटी डायरी

बैंक ऑफ इंडिया की शाखाओं के नए परिसरों का उद्घाटन

शाखा के नवीन परिसर का उद्घाटन करते महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार,आंचलिक प्रबंधक नरेन्द्र कुमार दास, शाखा प्रबंधक धर्मेन्द्र यादव, मुख्य प्रबंधक प्रियंका त्रिपाठी, अनिल कुमार चौधरी व स्टाफ।

अमृत विचार,लखनऊ : बैंक ऑफ इंडिया की ढेढ़ेमऊ, सफेदाबाद व खुर्रमनगर शाखाओं के नए परिसरों का उद्घाटन महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार, आंचलिक प्रबंधक नरेन्द्र कुमार दास की उपस्थिति में हुआ। उद्घाटन समारोह में वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों व अतिथियों और ग्राहकों की उपस्थिति रही।ढेढ़ेमऊ शाखा में वरिष्ठ शाखा प्रबंधक सुधेंदु सुधीर रंजन, खुर्रमनगर शाखा में मंजीत कुमार व सफेदाबाद शाखा में धर्मेंद्र यादव ने अतिथियों का स्वागत किया और शाखाओं की परिचालन जानकारी दी। महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार ने नए आधुनिक परिसरों के माध्यम से ग्राहकों को बेहतर, त्वरित और सुविधाजनक बैंकिंग सेवाएं मिलने पर जोर दिया। आंचलिक प्रबंधक नरेन्द्र कुमार दास ने बैंक और ग्राहकों के बीच विश्वास को मजबूत करने की बात कही।

प्रदर्शन करते बीमा कर्मचारी।

बीमा कर्मियों ने किया प्रदर्शन

अमृत विचार, लखनऊ : संयुक्त मोर्चे के तत्वावधान में बुधवार को यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस के क्षेत्रीय कार्यालय अलीगंज में बीमा कर्मियों ने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में अगस्त 2022 से लंबित वेतन नोटिफिकेशन तुरंत जारी करना, बीमा क्षेत्र में एफडीआई को 100 प्रतिशत किए जाने का विरोध, फैमिली पेंशन को 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 30 प्रतिशत करना, एनपीएस में अंशदान 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 14 प्रतिशत करना शामिल है। इसके साथ ही चारों सरकारी बीमा कंपनियों के विलय और सभी संवर्गों में पर्याप्त भर्ती शुरू करने की भी मांग उठाई गई। संयुक्त मोर्चे के संयोजक जीएस सिंह ने चेतावनी दी कि 29 दिसंबर को आधे दिन का धरना दिया जाएगा और मांगें न माने जाने पर हड़ताल की जाएगी।

श्रीमद् भागवत कथा कहते महंत विनोदानंद शास्त्री।

कथा में सच्ची भक्ति का महत्व बताया

अमृत विचार, लखनऊ : एकादश श्रीमद्भागवत कथा कमता महोत्सव में बुधवार को महंत पंडित विनोदानंद शास्त्री ने सच्ची भक्ति का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि सच्चा प्रेम और भक्ति सभी बाधाओं को पार कर जाती है। ईश्वर अंततः भक्तों की पुकार अवश्य सुनते हैं। शास्त्री ने रुक्मिणी विवाह प्रसंग भी सुनाया। उन्होंने बताया कि यह प्रसंग मानव और दैवीय प्रेम के मिलन का प्रतीक है और यह संदेश देता है कि सच्चा प्रेम और भक्ति हर कठिनाई को पार कर लेती है। सुदामा प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि सुदामा प्रसंग सच्ची, निस्वार्थ मित्रता, आत्म-संतोष और ईश्वर के प्रति अटूट विश्वास का संदेश देता है।

नाराजगी

बांग्लादेश में हिंदू युवक की हत्या से हिंदूवादी संगठनों में आक्रोश

बांग्लादेश के खिलाफ प्रदर्शन, यूनुस का पुतला फूंका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

बांग्लादेश के प्रधामंत्री के पुतले के साथ प्रदर्शन करते बजरंग दल के कार्यकर्ता।

बांग्लादेश के खिलाफ प्रदर्शन करते विश्व हिन्दू रक्षा परिषद के कार्यकर्ता।

- केंद्र सरकार से बांग्लादेश के खिलाफ प्रभावी कदम उठाने की मांग

अमृत विचार: बांग्लादेश में एक हिंदू युवक की हत्या के विरोध में बुधवार को विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने हजरतगंज चौराहे पर प्रदर्शन किया। बांग्लादेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर वहां के प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस का पुतला फूंका।

हजरतगंज चौराहे पर स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा के पास से प्रदर्शनकारियों ने रैली निकाली। प्रदर्शकारी नारे लिखी तख्तियां लेकर हजरतगंज चौराहे पहुंचे। बजरंग दल नेता दीपक शुक्ला ने केंद्र सरकार बांग्लादेश के खिलाफ प्रभावी कदम उठाने की मांग की।उन्होंने प्रदेश सरकार से घुसपैठियों, विशेषकर रोहिंग्या को शहर से बाहर करने की मांग भी की। विहिप पदाधिकारियों ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हिंसक हमले, हत्याएं और महिलाओं से दुर्व्यवहार के खिलाफ समाज को आवाज उठाने की बात कही। प्रदर्शन में कन्हैयालाल अग्रवाल, भूपेंद्र, विक्रम, संजय सिंह, धर्मेंद्र, मनोज, सुभाष, विजय बजरंगी, अमरेंद्र शामिल रहे।

विश्व हिन्दू रक्षा परिषद ने भी किया प्रदर्शन

- **अमृत विचार, लखनऊ :** विश्व हिंदू रक्षा परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने संवाददाता सम्मेलन में बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के खिलाफ हो रही हिंसक घटनाओं पर चिंता जताई। उन्होंने भारत सरकार से मांग की कि हिंदुओं की सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा के लिए प्रस्तावित संगठन को आवश्यक अनुमति दी जाए, ताकि वह अपने घोषित उद्देश्यों के अनुरूप कार्य कर सके। गोपाल ने दावा किया कि केजीएमयू जैसे प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों में कथित तौर पर लव जिहाद जैसे गंभीर षड्यंत्र संगठित रूप से चल रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई नहीं की गई, तो परिषद लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से केजीएमयू का घेराव करने को बाध्य होगी।

प्रदर्शन करते सेवानिवृत्त बैंक कर्मचारी।

प्रदर्शन किया

अमृत विचार,लखनऊ : पेंशन अपग्रेडेशन सहित अन्य मांगों को लेकर आल इंडिया बैंक रिटायरीज फेडरेशन के आह्वान पर बुधवार को केनरा बैंक अमीनाबाद शाखा के बाहर सैकड़ों सेवानिवृत्त बैंक कर्मियों ने प्रदर्शन किया। इसके बाद बैंक के मुख्य प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा गया। फेडरेशन के महामंत्री आरएम टंडन ने बताया कि पेंशन अपग्रेडेशन का मुद्दा पिछले 30 वर्षों से लंबित है, लेकिन अब तक किसी भी सरकार ने इस पर ठोस पहल नहीं की है।

सिटी ब्रीफ

लविवि छात्रों के लिए भारत ऑयल एंड वेस्ट मैनेजमेंट में मौका

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल द्वारा भारत ऑयल एंड वेस्ट मैनेजमेंट लिमिटेड कंपनी में रिसर्च साइंटिस्ट, टेक्निकल स्पेशलिस्ट पदों हेतु 2026 पासआउट बैच के पीएचडी छात्रों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। केंद्रीय प्लेसमेंट सेल के एडिशनल डायरेक्टर डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि यह अवसर केमिस्ट्री एवं एनवायरनमेंटल साइंस विषयों में पीएच.डी. कर रहे छात्रों के लिए है। चयनित अभ्यर्थियों को अधिकतम 7 लाख रुपए वार्षिक (सीटीसी) तक का आकर्षक पैकेज प्रदान किया जाएगा। भारत ऑयल एंड वेस्ट मैनेजमेंट लिमिटेड पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत एक अग्रणी कंपनी है, जो वेस्ट मैनेजमेंट, रीसाइक्लिंग, प्रदूषण नियंत्रण, ऊर्जा पुनर्प्राप्ति तथा सतत पर्यावरणीय समाधानों के विकास में सक्रिय भूमिका निभा रही है।

सुन्नी इण्टर कॉलेज में वार्षिक उत्सव सम्पन्न

अमृत विचार, लखनऊ : सुन्नी इण्टर कॉलेज में वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि मो. रिजवान पूर्व पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश एवं विशिष्ट अतिथि पार्षद लईक आगा ने शिरकत की और शहर के गणमन व्यक्ति शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य शकील अहमद ने किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों नृत्य, गीत, नाटक एवं समूह प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।

तहक़ीक़ी व तनक़ीदी मबाहिस का विमोचन

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय और कैफ़ फाउंडेशन के तत्वावधान में प्रो. आबिद हुसैन हैदरी के व्यक्तित्व व साहित्य पर आधारित आबिद हुसैन हैदरी के तहक़ीक़ी व तनक़ीदी मबाहिस का विमोचन किया गया। समारोह की अध्यक्षता प्रो. मनुका खन्ना, कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय ने की। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अम्मार रिजवी पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश एवं प्रोफेसर अरविंद मोहन डीन फैकल्टी ऑफ़ आर्ट्स लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर लखनऊ यूनिवर्सिटी लखनऊ की कुल सचिव डॉ. भावना मिश्रा उपस्थित रहीं।

क्षेत्रीय कला प्रदर्शनी संपन्न

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में राज्य ललित कला अकादमी के तत्वावधान में आयोजित क्षेत्रीय कला प्रदर्शनी का समापन हो गया। यह प्रदर्शनी ललित कला विभाग तथा कला निकेतन सोसायटी, लखनऊ के सहयोग से आयोजित की गई थी। समापन समारोह के मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. संजय सिंह उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि सीताराम कश्यप, वरिष्ठ कलाकार डॉ. कुमुद सिंह, पूर्व विभागाध्यक्ष, ललित कला विभाग, साकेत महाविद्यालय, अयोध्या उपस्थित रहे।

चैंपियनशिप के लिए चयन ट्रायल 27 को

अमृत विचार, लखनऊ : 60वीं यूपी राज्य क्रॉस कंट्री एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए लखनऊ जिले की टीम के चयन के लिए ट्रायल 27 दिसंबर को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में सुबह 8 बजे से आयोजित किया जाएगा। 16 वर्ष आयु वर्ग (25 जनवरी 2010 से 24 जनवरी 2012 के बीच जन्मे) के लिए पुरुष और महिला वर्ग में 2 किलोमीटर दौड़ होगी। 18 वर्ष वर्ग (25 जनवरी 2008 से 24 जनवरी 2010 जन्म) के लिए पुरुष 6 किमी और महिला 4 किमी दौड़ में हिस्सा लेंगे। 20 वर्ष वर्ग (25 जनवरी 2006 से 24 जनवरी 2008 जन्म) में पुरुष 8 किमी और महिला 6 किमी दौड़ आयोजित की जाएगी। 20 वर्ष से अधिक आयु के खिलाड़ियों के लिए पुरुष और महिला दोनों के लिए 10 किमी दौड़ होगी।

डॉ. पीसी मिश्रा क्रिकेट प्रतियोगिता आज से

अमृत विचार, निगोहां : एसएनटी मैदान में 16वीं डॉ. पीसी मिश्रा टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 25 दिसंबर से किया जाएगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन सेंट्रल बार एसोसिएशन के महामंत्री अवनीश दीक्षित द्वारा किया जाएगा। आयोजक नीशु मिश्रा ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 16 टीमें प्रतिभाग करेंगी, जिनमें देश के विभिन्न राज्यों से अनुभवी खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण अंचल में छिपी खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना है।

ई-पुस्तकालय में विविध विषयों के जानकार बनेंगे माध्यमिक छात्र

राष्ट्रीय ई-पुस्तकालय से छात्रों को पाठ्यक्रम से इतर मिलेगी जानकारी

- आयु वर्ग के हिसाब से गैर शैक्षणिक पुस्तकें होंगी उपलब्ध

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में विद्यार्थियों को उनके पाठ्यक्रम के अतिरिक्त भी पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे उनमें पढ़ने की आदतें विकसित हों और वे पाठ्यक्रम से इतर विविध विषयों पर अपना ज्ञान बढ़ा सकें। इसके लिए माध्यमिक शिक्षा विभाग राष्ट्रीय ई-पुस्तकालय डिजिटल प्लेटफॉर्म योजना लागू करने जा रहा है, जिसके माध्यम से गैर शैक्षणिक पुस्तकों के उत्कृष्ट संग्रह से विद्यार्थियों को लाभान्वित होने का अवसर मिलेगा।

राष्ट्रीय ई-पुस्तकालय (आरईपी) से माध्यमिक स्तर के सभी छात्रों को जोड़ा जाएगा। अपर सचिव प्रशासन, माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज ने इस संबंध में विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए हैं। यह योजना केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग की पहल के तहत लागू की जा रही है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में उनके आयु वर्ग के अनुरूप गैर शैक्षणिक और मनपसंद पुस्तकों के पढ़ने की आदत को बढ़ावा देना है।

निशुल्क मिलेगा छात्रों को लाभ

- मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय ई-पुस्तकालय (आरईपी) एक नि :शुल्क डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिसमें माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की शिक्षण संरचना के अनुरूप पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएंगी। संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ. प्रदीप कुमार ने छह जिलों के डीआईओएस को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के विद्यालयों में पढ़ने वाले अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं का आरईपी में पंजीकरण सुनिश्चित कराएं।

चार आयु वर्ग में मिलेंगी पुस्तकें

- 3 से 8 वर्ष आयु वर्ग
- 8 से 11 वर्ष आयु वर्ग
- 11 से 14 वर्ष आयु वर्ग
- 14 वर्ष से अधिक आयु वर्ग

ये पुस्तकें होंगी उपलब्ध

- पाठ्यक्रम के अतिरिक्त पसंदीदा भाषा में कहानियां, महान विभूतियों द्वारा रचित पुस्तकें, विज्ञान से संबंधित विभिन्न मॉड्यूल, देश, भाषा और संस्कृति से जुड़ी पुस्तकें राष्ट्रीय ई-पुस्तकालय के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएंगी।

विजेता टीम के साथ राजेश्वर सिंह व दिनेश शर्मा। अमृत विचार

स्टेला मैरिस और टेक्ट्रो फुटबॉल क्लब ने जीता खिताब

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जय जगत पार्क में हुआ फुटबॉल ग्रैंड फिनाले

अमृत विचार: सरोजनी नगर विधानसभा क्षेत्र के एलडीए कॉलोनी स्थित जय जगत पार्क में सांसद खेल महोत्सव व विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की ओर से आयोजित सरोजनी नगर स्पोर्ट्स लीग (चरण-8) के अंतर्गत इंटर-स्कूल और इंटर-क्लब फुटबॉल चैम्पियनशिप का ग्रैंड फिनाले आयोजित हुआ।

विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि खेल युवाओं के चरित्र निर्माण का सबसे सशक्त माध्यम हैं और स्वास्थ्य जीवनभर साथ देता है। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी के खेल-विजन को याद करते हुए बताया कि लखनऊ में स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया परिसर की स्थापना उसी दूरदर्शिता का परिणाम है। मुख्य अतिथि सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि सरोजनी नगर खेलों के क्षेत्र में प्रदेश की अग्रणी विधानसभा बनकर उभरी है। उन्होंने खेलों को युवाओं में अनुशासन, राष्ट्रप्रेम और सकारात्मक ऊर्जा विकसित करने वाला बताया।

इस चैम्पियनशिप में 44 टीमों (22 इंटर-स्कूल और 22 इंटर-क्लब) ने हिस्सा लिया और कुल 45 मुकाबले खेले गए। ग्रैंड फिनाले में इंटर-स्कूल वर्ग में स्टेला मैरिस और इंटर-क्लब वर्ग में टेक्ट्रो एफसी ने खिताब जीता। विजेता टीमों को 50 हजार और उपविजेताओं को 25 हजार रुपये सहित उत्कृष्ट खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

प्रशासनिक सेवाओं के लिए हुआ छात्रों का मार्गदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सिविल सेवा की तैयारी और यूजीसी के बारे में बताया गया

अमृत विचार: डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में प्रशासनिक सेवाओं में जाने और शोध पर समग्र व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें विशेषज्ञों ने प्रशासनिक सेवाओं से संबंधित परीक्षाओं और उनके प्रश्न पत्र के पैटर्न पर चर्चा की। शिक्षा शास्त्र विभाग में व्याख्यान आयोजित किया गया जिसमें विद्यार्थियों को अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवा, राज्य स्तरीय प्रशासनिक सेवाओं तथा शोध आधारित प्रतियोगी परीक्षाओं की प्रभावी तैयारी की रणनीतियों से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम के डॉ. प्रत्युष मणि त्रिपाठी ने सिविल सर्विसेज परीक्षाओं की संपूर्ण संरचना, विभिन्न चरणों, परीक्षा प्रकारों एवं न्यूनतम पात्रता मानदंडों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

इसके साथ ही उन्होंने समय प्रबंधन, उत्तर लेखन (आंसर राइटिंग) एवं रणनीतिक अध्ययन योजना पर विशेष बल दिया, जिससे प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा में सफलता प्राप्त की जा सके। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा के संदर्भ में भी उपयोगी मार्गदर्शन किया।

एआरपी एसोसिएशन ने मांगपत्र सौंपा

मांग पत्र सौंपते एआरपी एसोसिएशन के शिक्षक। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: नवागत बेसिक शिक्षा अधिकारी और एआरपी की प्रथम बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विपिन कुमार ने आगामी कार्य योजना पर कार्य करने के दिशानिर्देश दिए। बैठक के उपरांत एआरपी एसोसिएशन लखनऊ के जिलाध्यक्ष हरिशंकर राठौर के नेतृत्व में कार्यकारिणी के सदस्यों द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

जिलाध्यक्ष ने एआरपी संबंधी विभिन्न समस्याओं यथा अवशेष एआरपी का मोबिलिटी भत्ता, गैर शैक्षणिक कार्यों में ड्यूटी न लगाने, एफएनएल प्रशिक्षण में सन्दर्भदाता जलपान राशि को भेजने, चयन वेतनमान संबंधी कई मुद्दों पर अपनी बात रखी। संगठन की ओर से संगठन के प्रदेश कोषाध्यक्ष सर्वेश कुमार गौतम, जिलामंत्री मोहम्मद रियाज वरिष्ठ एआरपी ज्ञान प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा, अमित सौम्या, राजीव रंजन, अनिता भंडारी, प्रीति सक्सेना, अरुण कुमार वर्मा, शन्नो राय, सुनील शुक्ला, प्रतिमा मिश्रा मौजूद रहे।

लखनऊ की सोनिया और रागिनी ने जीते स्वर्ण पदक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लाइटवेट और बेंटमवेट वर्ग में लखनऊ का जलवा

अमृत विचार: केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित बॉक्सिंग एरीना में चल रही राज्य सीनियर महिला बॉक्सिंग प्रतियोगिता में लखनऊ की सोनिया और रागिनी उपाध्याय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किए। सोनिया ने लाइटवेट (57-60 किग्रा) वर्ग में गोरखपुर की वर्षा सिंह को हराकर स्वर्ण पदक जीता। इसी तरह, रागिनी उपाध्याय ने बेंटमवेट (51-54 किग्रा) वर्ग में आगरा की बबिता को पराजित कर शीर्ष स्थान हासिल किया।

लखनऊ की अनामिका यादव ने फेदरवेट (54-57 किग्रा) वर्ग में रजत पदक जीता। इस वर्ग में गोरखपुर की आयशा प्रजापति ने स्वर्ण और अलीगढ़ की भारती व कानपुर की आस्था ने कांस्य पदक हासिल किया। अन्य वर्गों में झांसी की रिंकी जोशी (लाइट फ्लाइवेट, 45-48 किग्रा), अलीगढ़ की कुसुम (फ्लाईवेट, 48-51 किग्रा), सरिता राय (वेल्टरवेट, 60-65 किग्रा), सहारनपुर की आस्था पाहवा (लाइट मिडिलवेट, 65-70 किग्रा), मेरठ की स्नेहा (75-80 किग्रा) और सहारनपुर की मानसी (हैवीवेट) ने भी स्वर्ण पदक अपने नाम किए।

शोध प्रविधि पर कार्यशाला का समापन

नेता जी सुभाष चंद्र बोस महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कार्यशाला समापन के अवसर पर प्रतिभागी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शोध प्रविधि पर आधारित दो दिवसीय कार्यशाला का समापन हो गया। कार्यशाला में लगभग 700 शोधार्थियों एवं शिक्षकों तथा शिक्षाविदों ने प्रतिभाग किया। दो दिवसीय इस कार्यशाला में शोध प्रविधि शोध संरचना शोध में कृतिम बुद्धिमता का प्रयोग विषय पर गहन विचार विमर्श किया गया। अपने समापन उद्बोधन में प्राचार्य प्रोफेसर रश्मि बिश्नोई ने कहा कि सीमित संसाधनों के बाद भी महाविद्यालय ने इस महत्वाकांक्षी कार्यशाला को करने का बीड़ा उठाया। इस कार्यशाला का उद्घाटन कल उच्च शिक्षा निदेशक प्रो. अमित भारद्वाज द्वारा किया गया था।

कार्यशाला में प्रो. बी. एल. शर्मा, प्रो. अश्वनी मिश्रा प्रो. शिवानी श्रीवास्तव, डॉ. सनोबर हैदर, राजीव यादव, डॉ. हेमलता, प्रो. विनीता लाल, प्रो. संजय बरनवाल, प्रो. शरद वैश्य, डॉ. रोशनी सिंह, डॉ. श्वेता भारद्वाज, डॉ. श्रद्धा, डॉ. रश्मि अग्रवाल, डॉ. उमा सिंह, डॉ. सपना जायसवाल, डॉ. प्रतिमा शर्मा, डॉ. राहुल, डॉ. कुणाल, डॉ. अरविंद, डॉ. सारिका सरकार, डॉ. भास्कर शर्मा, डॉ. विशाल प्रताप, प्रो. कंचन लता, डॉ. जितेन्द्र दुबे प्रमुख रूप से रहे।

हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ बजरंग दल ने किया प्रदर्शन

अमृत विचार, संवाददाता : बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों और ईश निंदा के नाम पर हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की निर्मम हत्या के विरोध में बुधवार शाम विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकताओं ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी जुलूस के रूप में नबीपनाह चौराहा पहुंचे और बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस का पुतला दहन कर आक्रोश जताया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार से मांग की कि वह इस मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कड़ा रुख अपनाए और बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाए, ताकि हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। प्रदर्शन में जिला सहमंत्री सुशील कुमार, सांस्कृतिक गौरव संस्थान जिलाध्यक्ष संतोष सिंह तिलन, प्रमोद सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सिटी डायरी

लोहिया में एस्पेरांजा का समापन

कार्यक्रम की प्रस्तुति देते हुए छात्र-छात्राएं।

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव एस्पेरांजा 5.0 का बुधवार को समापन हो गया। चार दिनों तक चले आयोजन में कला, संस्कृति, संगीत और मनोरंजन की विविध प्रस्तुतियों ने परिसर को जीवंत बना दिया। निदेशक प्रो. सीएम सिंह ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में छात्रों के सर्वांगीण विकास में सांस्कृतिक गतिविधियों की भूमिका पर प्रकाश डाला। पहले दिन एकल गायन, युगल नृत्य, एलुमनी मीट और कैरेक्टर डे ने छात्रों की रचनात्मकता को मंच दिया। दूसरे दिन बैटल ऑफ बैंड्स और प्रसिद्ध स्टैंड-अप कॉमेडियन रजत चौहान की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। तीसरे दिन कल्चरल थीम डे और फैकल्टी ईव ने भारतीय संस्कृति की विविधता और शिक्षक-छात्र संबंधों की सुंदर झलक प्रस्तुत की, जबकि भांगड़ा नाइट ने माहौल को उत्साह से भर दिया।

बीबीएयू में आयोजित कार्यक्रम में ध्यान करते प्रतिभागी।

विश्व संसद की प्रस्तुति देते छात्र।

कल्याण की ओर ले जाएगा ध्यान

अमृत विचार, लखनऊ : विश्व ध्यान दिवस पर बाबा साहब भीमराव अंबेदकर विश्वविद्यालय में ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें योग और प्राणायाम के विशेषज्ञों ने ध्यान की वैज्ञानिकता पर छात्रों और शिक्षकों को जागरुक किया। कार्यक्रम के दौरान योग साधकों को ध्यान एवं सूक्ष्म व्यायाम आदि का अभ्यास कराया गया और सभी को एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने हेतु प्रेरित किया गया। योग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. दीपेश्वर सिंह ने ध्यान के विभिन्न प्रकारों की जानकारी देते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय ध्यान दिवस का उद्देश्य व्यक्ति की आंतरिक शांति के माध्यम से विश्व में सामंजस्य एवं सद्भाव को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि ध्यान कोई आधुनिक खोज नहीं, बल्कि एक प्राचीनतम विज्ञान है। नियमित ध्यान अभ्यास से तनाव में कमी आती है।

वार्षिक अभिभावक दिवस का आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अशर्फाबाद कैम्पस द्वारा 'वार्षिक अभिभावक दिवस समारोह' का आयोजन सम्पन्न हुआ। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि डा. अरुण मोहन शैरी, डायरेक्टर, आईआईआईटी ने किया। जबकि विशिष्ट अतिथि नजमूल हसन रिजवी, सेक्रेटरी, यूनिटी कालेज मैनेजिंग कमेटी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने शिक्षात्मक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अनुपम छटा बिखेरकर अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह में बड़ी संख्या में उपस्थित अभिभावकों ने छात्रों की कलात्मक प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए जोरदार तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया।

आंचलिक विज्ञान केंद्र का दौरान करने वाली छात्रों की टीम और शिक्षक।

बच्चों ने किया विज्ञान केंद्र का दौरा

अमृत विचार, बीकेटी : राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत विकासखंड बक्शी का तालाब के पूर्व माध्यमिक व कंपोजिट विद्यालयों से ब्लॉक स्तर पर चयनित 100 बच्चों को एक्सपोजर विजिट पर आंचलिक विज्ञान केंद्र ले जाया गया। यहां शिक्षकों ने विज्ञान कौशलों की जानकारी दी और प्रयोगों के माध्यम से बच्चों में सोच विकसित कराई। खंड शिक्षा अधिकारी प्रीती शुक्ला ने बताया कि ब्लॉक स्तर से चयनित 10 बच्चे जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

प्रतियोगिता | 21वीं बाबू बनारसी दास क्रिकेट लीग

अन्नपूर्णा ने शैला देवी क्लब को 200 रन से हराया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : 21वीं बाबू बनारसी दास क्रिकेट लीग के अंतर्गत विभिन्न मैदानों पर खेले गए मुकाबलों में अन्नपूर्णा क्रिकेट क्लब, लखनऊ व्हाइट्स, आलमनगर क्रिकेट क्लब और केवाई स्पोर्ट्स क्लब ने शानदार जीत दर्ज की। मुकाबलों में बल्लेबाजों और गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन ने दर्शकों को रोमांचित किया।

सीएसएस ग्राउंड पर खेले गए लीग मुकाबले में अन्नपूर्णा क्रिकेट क्लब ने शैला देवी स्पोर्ट्स क्लब को 200 रन के बड़े अंतर से पराजित किया। अन्नपूर्णा क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 35 ओवर में 9 विकेट पर 251 रन बनाए। टीम की ओर से दीपांशु सिंह ने 73 रन की आक्रामक पारी खेली, जबकि आलोक रतन ने 51 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी शैला देवी स्पोर्ट्स क्लब की टीम 17.3 ओवर में मात्र 51 रन पर सिमट गई। दीपांशु सिंह को उनके हरफनमौला प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

सीएसडी सहारा बीकेटी ग्राउंड पर खेले गए दूसरे मुकाबले में लखनऊ व्हाइट्स क्रिकेट क्लब ने सिद्धार्था ग्लोबल को 47 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ व्हाइट्स ने 40 ओवर में 9 विकेट पर 280 रन बनाए। प्रज्वल ने 112 रन की शानदार शतकीय पारी खेली, जबकि हरिओम पांडेय ने 87 रन बनाए। जवाब में सिद्धार्था ग्लोबल की टीम 38.2 ओवर में 233 रन ही बना सकी। विजेता टीम की ओर से हर्षित नारायण ने चार विकेट लिए, जबकि हरिओम पांडेय को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

पर्थ रिपब्लिक ग्राउंड पर खेले गए डिवीजन-सी मुकाबले में आलमनगर क्रिकेट क्लब ने लखनऊ क्रिकेट नर्सरी को 323 रन से करारी शिकस्त दी। आलमनगर क्लब ने 35 ओवर में 6 विकेट पर 376 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। नवरतन ने नाबाद 197 रन की धमाकेदार पारी खेली, जिसमें 25 चौके और 5 छक्के शामिल रहे। आयुष शर्मा ने 61 और अनुभव वर्मा ने 59 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ क्रिकेट नर्सरी की टीम 19.4 ओवर में 53 रन पर ढेर हो गई। मोहम्मद नवी ने पांच विकेट लिए। नवरतन मैन ऑफ द मैच रहे।

एसएआर क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए मुकाबले में केवाई स्पोर्ट्स क्लब ने स्टार मॉन्टेसरी क्लब को 204 रन से पराजित किया। केवाई स्पोर्ट्स क्लब ने 40 ओवर में 8 विकेट पर 268 रन बनाए। आलोक सिंह और कमल यादव ने 51-51 रन, जबकि सौरभ वर्मा ने 70 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए स्टार मॉन्टेसरी क्लब की टीम 17.4 ओवर में 64 रन पर ऑल आउट हो गई। केवाई स्पोर्ट्स के उज्जलकुमार पांडेय ने चार विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार हासिल किया।